1116

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION - 2025
# माध्यमिक स्कूल परीक्षा - 2025
## ( ANNUAL / वार्षिक )

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code
**F**

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.
111-

# SOCIAL SCIENCE
## ( Compulsory )
# सामाजिक विज्ञान
## ( अनिवार्य )

**विषय कोड :**
**Subject Code :**

कुल प्रश्न : 80 + 32 = 112
**Total Questions : 80 + 32 = 112**
(समय : 2 घंटे 45 मिनट)
[ Time : 2 Hours 45 Minutes ]

कुल मुद्रित पृष्ठ : 32
**Total Printed Pages : 32**
(पूर्णांक : 80)
[ Full Marks : 80 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

***Instructions for the candidates :***

1. Candidates must enter his / her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.
2. Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.
3. Figures in the right hand margin indicate full marks.
4. 15 minutes of extra time have been allotted for the candidates to read the questions carefully.



BiharboardQuestionpaper.com

5. यह प्रश्नपत्र दो खण्डों में है — खण्ड-अ एवं खण्ड-ब।

6. खण्ड-अ में 80 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें 40 प्रश्न अनिवार्य हैं। यदि परीक्षार्थी 40 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देते/देती हैं, तो प्रथम 40 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। । इनके उत्तर हेतु OMR उत्तर-पत्रक पर दिए गए सही विकल्प को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग नहीं करें अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7. खण्ड-ब में सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत कुल 5 विषयों के लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।
इतिहास में 6 लघु उत्तरीय प्रश्न (Q.Nos. 1 से 6) हैं, जिनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
राजनीति विज्ञान में 4 लघु उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 9 से 12) हैं, जिनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

5. *This question booklet is divided in two sections* — **Section-A** *and* **Section-B**.

6. *In* **Section-A** *there are* **80 objective type questions** *out of which* **40** *questions are compulsory. If the candidate answers more than 40 questions, the first 40 answers only will be evaluated. Each question carries* **1 mark**. *For answering these darken the correct circle given on the OMR answer sheet with* **black / blue ball pen. Do not use whitener / liquid material / blade / nail etc. on the OMR answer sheet otherwise the result will be treated invalid.**

7. *In* **Section-B** *there are Short Answer Type questions of 5 subjects of* **Social Science**. *Each question carries* **2 marks**.
**History** *has* **6** *Short Answer Type questions (Q. Nos. 1 to 6) out of which* **any 3 questions are to be answered.**
**Political Science** *has* **4** *Short Answer Type questions (Q. Nos. 9 to 12) out of which* **any 2 questions are to be answered.**



BiharboardQuestionpaper.com

**अर्थशास्त्र** में **4** लघु उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 15 से 18) हैं, जिनमें से **किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।**

**Economics** has **4** Short Answer Type questions (Q. Nos. 15 to 18) out of which **any 2 questions are to be answered.**

**भूगोल** में **6** लघु उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 21 से 26) हैं, जिनमें से **किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।**

**Geography** has **6** Short Answer Type questions (Q. Nos. 21 to 26) out of which **any 3 questions are to be answered.**

**आपदा प्रबन्धन** में **4** लघु उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 29 से 32) हैं, जिनमें से **किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।**

**Disaster Management** has **4** Short Answer Type questions (Q. Nos. 29 to 32) out of which **any 2 questions are to be answered.**

इनके अतिरिक्त **8** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Q. Nos. 7, 8, 13, 14, 19, 20, 27, 28) हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **4 अंक** निर्धारित हैं। इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं भूगोल में प्रत्येक से एक-एक प्रश्न का उत्तर देना है।

Apart from these, there are **8** Long Answer Type questions (Q. Nos. 7, 8, 13, 14, 19, 20, 27, 28). Each question carries **4 marks**. One Long Answer Type question each from History, Political Science, Economics and Geography is to be answered.

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

8. Use of any electronic appliances is strictly prohibited.



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - अ / SECTION - A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

*प्रश्न संख्या 1 से 80 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। केवल 40 प्रश्नों के ही उत्तर दें।* *40 × 1 = 40*

*Question Nos. 1 to 80 have four options each, out of which only one is correct. Mark your selected option on the OMR sheet. Answer any 40 questions.* *40 × 1 = 40*

1. सबसे लंबा राष्ट्रीय जलमार्ग कौन है ?

(A) राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (B) राष्ट्रीय जलमार्ग-2

(C) राष्ट्रीय जलमार्ग-3 (D) राष्ट्रीय जलमार्ग-4

Which is the longest National waterway ?

(A) National Waterway-1 (B) National Waterway-2

(C) National Waterway-3 (D) National Waterway-4 .

2. सरिस्का वन्य जीव अभयारण्य कहाँ स्थित है ?

(A) ओडिशा (B) महाराष्ट्र

(C) राजस्थान (D) कर्नाटक

Where is Sariska Wildlife Sanctuary located ?

(A) Odisha (B) Maharashtra

(C) Rajasthan (D) Karnataka

3. कैगा परमाणु विद्युत संयंत्र कहाँ स्थित है ?

(A) तमिलनाडु (B) कर्नाटक

(C) केरल (D) उत्तर प्रदेश



BiharboardQuestionpaper.com

Where is Kaiga Nuclear Power Plant located ?

(A) Tamil Nadu (B) Karnataka

(C) Kerala (D) Uttar Pradesh

4. भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के कितने तेल परिष्करण केन्द्र कार्य कर रहे हैं ?

(A) 18 (B) 20

(C) 23 (D) 25

How many public sector oil refineries are functioning in India ?

(A) 18 (B) 20

(C) 23 (D) 25

5. ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत में किस नाम से जानी जाती है ?

(A) जमुना नदी (B) सांग्पो नदी

(C) यांग्त्ज़ी नदी (D) मानस नदी

By which name is Brahmaputra river known in Tibet ?

(A) Jamuna river (B) Tsangpo river

(C) Yangtze river (D) Manas river

6. भारत की सबसे पुरानी तेल शोधन इकाई कौन है ?

(A) बरौनी (B) जामनगर

(C) डिब्रुगढ़ (D) बम्बई हाई

Which is the oldest oil refining unit in India ?

(A) Barauni (B) Jamnagar

(C) Dibrugarh (D) Bombay High

7. निम्नलिखित में से कौन रोपण फसल है ?

(A) चाय (B) रबड़

(C) गन्ना (D) इनमें से सभी



BiharboardQuestionpaper.com

F

Which of the following is a plantation crop ?

(A) Tea (B) Rubber

(C) Sugarcane (D) All of these

8. प्राकृतिक गैस किस खनिज के साथ पायी जाती है ?

(A) यूरेनियम (B) चूनापत्थर

(C) कोयला (D) पेट्रोलियम

Natural gas is found with which mineral ?

(A) Uranium (B) Limestone

(C) Coal (D) Petroleum

9. राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है ?

(A) प्रधानमंत्री (B) राष्ट्रपति

(C) मुख्यमंत्री (D) मुख्य न्यायाधीश

Who appoints the Governor ?

(A) Prime Minister (B) President

(C) Chief Minister (D) Chief Justice

10. लोक जनशक्ति पार्टी का गठन किसने किया ?

(A) राम विलास पासवान (B) मुलायम सिंह

(C) कांशीराम (D) शरद यादव

Who formed Lok Janshakti Party ?

(A) Ram Vilas Paswan (B) Mulayam Singh

(C) Kanshi Ram (D) Sharad Yadav



BiharboardQuestionpaper.com

11. पंचायती राज संस्थानों के विघटन की स्थिति में कितने समय अंतराल में चुनाव करवाना अनिवार्य है ?

(A) 2 माह (B) 6 माह

(C) 1 वर्ष (D) 1 माह

In case of dissolution of Panchayati Raj institutions, at what time interval is it mandatory to hold elections ?

(A) 2 months (B) 6 months

(C) 1 year (D) 1 month

12. किस राज्य को काटकर मेघालय राज्य का गठन किया गया ?

(A) त्रिपुरा (B) असम

(C) नागालैण्ड (D) अरुणाचल प्रदेश

Meghalaya was formed from which state ?

(A) Tripura (B) Assam

(C) Nagaland (D) Arunachal Pradesh

13. ग्राम कचहरी का प्रधान कौन होता है ?

(A) सरपंच (B) जिला मजिस्ट्रेट

(C) न्याय मित्र (D) मुखिया

Who is the head of the village court ?

(A) Sarpanch (B) District Magistrate

(C) Nyaya Mitra (D) Mukhiya

14. निम्न में से किस देश में एकात्मक शासन व्यवस्था है ?

(A) ग्रेट ब्रिटेन (B) फ्रांस

(C) चीन (D) इनमें से सभी



BiharboardQuestionpaper.com

Which of the following countries has a Unitary Government system ?

(A) Great Britain (B) France

(C) China (D) All of these

15. निम्न में से कौन दबाव समूह नहीं है ?

(A) अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (B) ऑल इण्डिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस

(C) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (D) राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ

Which of the following is not a pressure group ?

(A) Akhil Bharatiya Vidyarthi Parishad (ABVP)

(B) All India Trade Union Congress

(C) Indian National Congress

(D) Rashtriya Swayamsevak Sangh

16. बिजू जनता दल किस राज्य से संबंधित है ?

(A) बिहार (B) झारखण्ड

(C) ओडिशा (D) छत्तीसगढ़

Biju Janata Dal belongs to which state ?

(A) Bihar (B) Jharkhand

(C) Odisha (D) Chattisgarh

17. सकल घरेलू उत्पाद में किस क्षेत्र का योगदान सर्वाधिक है ?

(A) प्राथमिक क्षेत्र (B) द्वितीयक क्षेत्र

(C) तृतीयक क्षेत्र (D) इनमें से कोई नहीं

Which sector contributes the most to Gross Domestic Product ?

(A) Primary sector (B) Secondary sector

(C) Tertiary sector (D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

18. निम्न में किसका त्रिस्तरीय ढाँचा है ?

(A) सहकारी साख समिति
(B) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम
(C) पंचायती राज
(D) इनमें से सभी

Which of the following has a three-tier structure ?

(A) Co-operative credit society
(B) Consumer Protection Act
(C) Panchayati Raj
(D) All of these

19. निम्नलिखित में किसमें मूल्यह्रास का मान शामिल नहीं है ?

(A) GDP
(B) GNP
(C) NNP
(D) इनमें से सभी

Which of the following does not include the value of depreciation ?

(A) GDP
(B) GNP
(C) NNP
(D) All of these

20. भारतीय आर्थिक सुधारों में किसे शामिल किया गया है ?

(A) उदारीकरण
(B) निजीकरण
(C) वैश्वीकरण
(D) इनमें से सभी

Which of the following is included in Indian economic reforms ?

(A) Liberalization
(B) Privatization
(C) Globalization
(D) All of these



BiharboardQuestionpaper.com

21. पूँजी का पारिश्रमिक क्या है ?

(A) लगान (B) मजदूरी

(C) ब्याज (D) मिश्रित आय

What is the remuneration of capital ?

(A) Rent (B) Wages

(C) Interest (D) Mixed income

22. निम्नलिखित में से किस संपत्ति की तरलता सबसे कम है ?

(A) मुद्रा (B) बॉण्ड

(C) अचल संपत्ति (D) बैंक जमा

Which of the following assets has the least liquidity ?

(A) Currency (B) Bond

(C) Real estate (D) Bank deposit

23. जवाहर रोजगार योजना कब शुरू हुई ?

(A) 1988 (B) 1989

(C) 1990 (D) 1991

When did Jawahar Rojar Yojana start ?

(A) 1988 (B) 1989

(C) 1990 (D) 1991

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें..

24. निम्न में से किसका गठन आर्थिक नियोजन में राज्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लक्ष्य से हुआ था ?

(A) योजना आयोग (B) राष्ट्रीय विकास परिषद्

(C) नाबार्ड (D) मुद्रा बाजार



BiharboardQuestionpaper.com

Which of the following was formed with the aim of ensuring participation of states in economic planning ?

(A) Planning Commission (B) National Development Council

(C) NABARD (D) Money Market

25. निम्नलिखित में से कौन जर्मन चांसलर था ?

(A) मेजिनी (B) हीगेल

(C) बिस्मार्क (D) विक्टर इमैनुएल

Who among the following was the German Chancellor ?

(A) Mazzini (B) Hegel

(C) Bismarck (D) Victor Emmanuel

26. नेपल्स की क्रांति कब हुई थी ?

(A) 1789 (B) 1821

(C) 1839 (D) 1917

When did the Naples Revolution happen ?

(A) 1789 (B) 1821

(C) 1839 (D) 1917

27. वैज्ञानिक समाजवाद का जनक किसे माना जाता है ?

(A) हीगेल (B) कार्ल मार्क्स

(C) सेंट साइमन (D) मार्टिन लूथर

Who is considered the father of scientific socialism ?

(A) Hegel (B) Karl Marx

(C) Saint Simon (D) Martin Luther



BiharboardQuestionpaper.com

28. निम्न में से किन्हें कैसर-ए-हिंद की उपाधि दी गई थी ?

(A) रवीन्द्रनाथ टैगोर (B) महात्मा गाँधी

(C) शंकरन नायर (D) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी

Who among the following was given the title of Kaiser-i-Hind ?

(A) Rabindra Nath Tagore (B) Mahatma Gandhi

(C) Shankaran Nair (D) Surendra Nath Banerjee

29. निम्न में से किस आंदोलन की शुरुआत 'दांडी मार्च' से हुई थी ?

(A) सविनय अवज्ञा आन्दोलन (B) असहयोग आन्दोलन

(C) भारत छोड़ो आन्दोलन (D) खिलाफत आन्दोलन

Which of the following movements started with 'Dandi March' ?

(A) Civil Disobedience Movement

(B) Non-Cooperation Movement

(C) Quit India Movement

(D) Khilafat Movement

30. अमृत बाजार पत्रिका किस भाषा का समाचार पत्र था ?

(A) हिन्दी (B) बंगला

(C) मराठी (D) गुजराती

Amrit Bazar Patrika was the newspaper of which language ?

(A) Hindi (B) Bengali

(C) Marathi (D) Gujarati

31. 'अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस' की स्थापना कब हुई ?

(A) 1848 (B) 1881

(C) 1885 (D) 1920



BiharboardQuestionpaper.com

When was 'All India Trade Union Congress' established ?

(A) 1848 (B) 1881

(C) 1885 (D) 1920

32. सोवियत संघ का विघटन कब हुआ ?

(A) 1985 (B) 1991

(C) 1968 (D) 1990

When did the Soviet Union disintegrate ?

(A) 1985 (B) 1991

(C) 1968 (D) 1990

33. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना किसके द्वारा की जाती है ?

(A) केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय (B) योजना आयोग

(C) नीति आयोग (D) राष्ट्रीय विकास परिषद्

National income in India is calculated by which of the following ?

(A) Central statistical office

(B) Planning Commission

(C) NITI Aayog

(D) National Development Council

34. बोल्शेविक दल का नाम बदलकर साम्यवादी दल किसने किया ?

(A) लेनिन (B) ट्रॉटस्की

(C) स्टालिन (D) बिस्मार्क

Who changed the name of Bolshevik Party to Communist Party ?

(A) Lenin (B) Trotsky

(C) Stalin (D) Bismarck



BiharboardQuestionpaper.com

35. बंगाल विभाजन को कब रद्द किया गया था ?

(A) 1904 (B) 1905

(C) 1907 (D) 1911

When was the partition of Bengal annulled ?

(A) 1904 (B) 1905

(C) 1907 (D) 1911

36. लाला हरदयाल ने निम्न में से किसकी स्थापना की ?

(A) होम रूल लीग (B) ग़दर पार्टी

(C) भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (D) ब्रह्म समाज

Which of the following was founded by Lala Hardayal ?

(A) Home Rule League

(B) Ghadar Party

(C) Communist Party of India

(D) Brahmo Samaj

37. भारत सरकार अधिनियम, 1919 को किस अन्य नाम से भी जाना जाता है ?

(A) मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार (B) इलबर्ट बिल

(C) इंडियन स्टेट्यूटरी कमीशन (D) नेहरू रिपोर्ट

What is the another name for Government of India Act, 1919 ?

(A) Montague-Chelmsford Reforms

(B) Ilbert Bill

(C) Indian Statutory Commission

(D) Nehru Report



BiharboardQuestionpaper.com

38. अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की स्थापना किसने की ?

(A) मोहम्मद अली जिन्ना (B) जाकिर हुसैन

(C) नवाब सलीमुल्लाह खान (D) मोहम्मद इस्माइल

Who founded the All India Muslim League ?

(A) Mohammad Ali Jinnah (B) Zakir Hussain

(C) Nawab Salimullah Khan (D) Muhammad Ismail

39. दक्षिण वियतनाम में बाओदाई की सरकार निम्न में से किसकी समर्थक थी ?

(A) चीन (B). स्पेन

(C) फ्रांस (D) पुर्तगाल

The government of Bao Dai in South Vietnam was a supporter of which of the following ?

(A) China (B) Spain

(C) France (D) Portugal

40. रूस में कृषि दासता को किसने समाप्त किया ?

(A) लेनिन (B) जार एलेक्जेंडर द्वितीय

(C) स्टालिन (D) ट्रॉटस्की

Who abolished Serfdom in Russia ?

(A) Lenin (B) Czar Alexander II

(C) Stalin (D) Trotsky

41. शेतकारी संगठन कहाँ स्थापित हुआ ?

(A) राजस्थान (B) उत्तर प्रदेश

(C) बिहार (D) महाराष्ट्र



BiharboardQuestionpaper.com

Where was Shetkari organization established ?

(A) Rajasthan (B) Uttar Pradesh

(C) Bihar (D) Maharashtra

42. 73 वां संवैधानिक संशोधन निम्न में से किससे संबंधित है ?

(A) पंचायती राज (B) नगरपालिका

(C) सर्वोच्च न्यायालय (D) राष्ट्रपति चुनाव

73rd Constitutional Amendment is related to which of the following ?

(A) Panchayati Raj (B) Municipality

(C) Supreme Court (D) Election of President

43. राज्य पुनर्गठन आयोग, 1953 का गठन किसकी अध्यक्षता में हुआ ?

(A) फ़ज़ल अली (B) सरदार वल्लभभाई पटेल

(C) मोरारजी देसाई (D) लाल बहादुर शास्त्री

Under whose Chairmanship was the State Reorganization Commission formed in 1953 ?

(A) Fazal Ali (B) Sardar Vallabhbhai Patel

(C) Morarji Desai (D) Lal Bahadur Shastri

44. निम्न में से किस शहर में नगर-निगम की स्थापना हो चुकी है ?

(A) भागलपुर (B) गोपालगंज

(C) सीतामढ़ी (D) रोहतास

In which of the following cities has municipal corporatic 1 already established ?

(A) Bhagalpur (B) Gopalganj

(C) Sitamarhi (D) Rohtas



BiharboardQuestionpaper.com

45. निम्नलिखित में से कहाँ संघीय सरकार प्रणाली नहीं है ?

(A) भारत (B) चीन

(C) स्पेन (D) संयुक्त राज्य अमेरिका

Which of the following does not have a federal system of government ?

(A) India (B) China

(C) Spain (D) United States of America

46. निम्न में से किस विषय को राज्य सूची में रखा गया है ?

(A) कृषि (B) पुलिस

(C) सिंचाई (D) इनमें से सभी

Which of the following subjects has been placed in the State List ?

(A) Agriculture (B) Police

(C) Irrigation (D) All of these

47. भारतीय संविधान की 8 वीं अनुसूची में कितनी भाषाएँ शामिल हैं ?

(A) 15 (B) 22

(C) 25 (D) 21

How many languages are included in the Eighth Schedule of the Constitution of India ?

(A) 15 (B) 22

(C) 25 (D) 21

48. राजनीतिक दलों को चुनाव चिह्न कौन आवंटित करता है ?

(A) भारत सरकार (B) भारतीय संविधान

(C) चुनाव आयोग (D) राष्ट्रपति



BiharboardQuestionpaper.com

F

Who allots election symbols to political parties ?

(A) Government of India (B) Constitution of India

(C) Election Commission (D) President

49. भारत में प्रथम जल विद्युत संयंत्र की स्थापना कहाँ की गई थी ?

(A) गंगटोक (B) दार्जिलिंग

(C) डिब्रुगढ़ (D) कलकत्ता

Where was the first hydropower plant established in India ?

(A) Gangtok (B) Darjeeling

(C) Dibrugarh (D) Calcutta

50. गुजरात का कच्छ प्रदेश किस भूकंपीय जोन में आता है ?

(A) जोन-II (B) जोन-III

(C) जोन-IV (D) जोन-V

Kutch region of Gujarat falls in which seismic zone ?

(A) Zone-II (B) Zone-III

(C) Zone-IV (D) Zone-V

51. किस नदी को 'बंगाल का शोक' कहा जाता है ?

(A) गंगा (B) दामोदर

(C) कोसी (D) ब्रह्मपुत्र

Which river is called the 'Sorrow of Bengal' ?

(A) Ganga (B) Damodar

(C) Kosi (D) Brahmaputra



BiharboardQuestionpaper.com

52. भारत की सबसे बड़ी कृत्रिम झील कौन है ?

(A) गोविंद सागर (B) पंत सागर

(C) सरदार सरोवर (D) कृष्णा सागर

Which is the largest artificial lake in India ?

(A) Govind Sagar (B) Pant Sagar

(C) Sardar Sarovar (D) Krishna Sagar

53. आस्वान बाँध किस नदी पर बना है ?

(A) नील नदी (B) ब्रह्मपुत्र नदी

(C) अमेजन नदी (D) गंगा नदी

On which river is Aswan Dam built ?

(A) Nile River (B) Brahmaputra River

(C) Amazon River (D) Ganga River

54. 2011 में जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन स्थान था ?

(A) प्रथम (B) द्वितीय

(C) तृतीय (D) चतुर्थ

What was India's position in the world in terms of population in 2011 ?

(A) First (B) Second

(C) Third (D) Fourth

55. भारत किस जल डमरूमध्य द्वारा श्रीलंका से पृथक होता है ?

(A) पाक जलडमरूमध्य (B) मलक्का जलडमरूमध्य

(C) बेरिंग जलडमरूमध्य (D) होर्मुज़ जलडमरूमध्य



BiharboardQuestionpaper.com

By which strait is India separated from Sri Lanka ?

(A) Palk Strait (B) Malacca Strait

(C) Bering strait (D) Hormuz strait

56. गंगा मैदान की पुरानी जलोढ़ मृदा क्या कहलाती है ?

(A) खादर (B) बांगर

(C) रेगुर (D) इनमें से कोई नहीं

What is the old alluvial soil of Ganga plain called ?

(A) Khadar (B) Bhangar

(C) Regur (D) None of these

57. सर्वोत्तम कोयले का प्रकार कौन है ?

(A) पीट (B) लिग्नाइट

(C) एन्थ्रासाइट (D) बिटुमिनस

Which is the best type of coal ?

(A) Peat (B) Lignite

(C) Anthracite (D) Bituminous

58. कुशेश्वर स्थान अभयारण्य कहाँ स्थित है ?

(A) मुरैना (B) दरभंगा

(C) भागलपुर (D) नन्दन कानन

Where is Kusheshwar Sthan Sanctuary located ?

(A) Morena (B) Darbhanga

(C) Bhagalpur (D) Nandan Kanan

59. समोच्च जुताई कहाँ की जाती है ?

(A) मैदानी क्षेत्र (B) तटीय क्षेत्र

(C) पहाड़ी क्षेत्र (D) इनमें से सभी



BiharboardQuestionpaper.com

Where is contour ploughing done ?

(A) Plain area (B) Coastal area

(C) Mountainous area (D) All of these

60. जोहानसबर्ग में कौन-सा पृथ्वी सम्मेलन आयोजित हुआ था ?

(A) प्रथम (B) द्वितीय

(C) तृतीय (D) चतुर्थ

Which Earth Summit was held in Johannesburg ?

(A) First (B) Second

(C) Third (D) Fourth

61. मूँगफली किस प्रकार की फसल है ?

(A) रबी (B) खरीफ

(C) जायद (D) इनमें से कोई नहीं

What type of crop is peanut ?

(A) Rabi (B) Kharif

(C) Zaid (D) None of these

62. सब्जी उत्पादन में बिहार का कौन स्थान है ?

(A) प्रथम (B) द्वितीय

(C) तृतीय (D) चतुर्थ

What is the rank of Bihar in the production of vegetables ?

(A) First (B) Second

(C) Third (D) Fourth

63. बागमती परियोजना कहाँ स्थित है ?

(A) सीतामढ़ी (B) दरभंगा

(C) सारण (D) रोहतास



BiharboardQuestionpaper.com

Where is Bagmati project located ?

(A) Sitamarhi (B) Darbhanga

(C) Saran (D) Rohtas

64. 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार के किस जिले का जनसंख्या घनत्व सबसे अधिक है ?

(A) शिवहर (B) पटना

(C) कैमूर (D) नालन्दा

According to census 2011, which district of Bihar has the highest density of population ?

(A) Sheohar (B) Patna

(C) Kaimur (D) Nalanda

65. बिहार में जीवनयापन का मुख्य स्रोत क्या है ?

(A) कृषि (B) उद्योग

(C) व्यापार (D) इनमें से सभी

What is the main source of livelihood in Bihar ?

(A) Agriculture (B) Industry

(C) Trade (D) All of these

66. निम्न में से क्या आर्थिक गतिविधि नहीं है ?

(A) कृषि (B) संचार

(C) गरीबी (D) परिवहन

Which of the following is not an economic activity ?

(A) Agriculture (B) Communication

(C) Poverty (D) Transportation



BiharboardQuestionpaper.com

67. मुद्रा का प्राथमिक कार्य क्या है ?

(A) मूल्य का संचय (B) मूल्य का हस्तांतरण

(C) विनिमय का माध्यम (D) (A) और (C) दोनों

What is the primary function of money ?

(A) Store of value (B) Transfer of value

(C) Medium of exchange (D) Both (A) and (C)

68. निम्न में कौन दीर्घकालीन ऋण प्रदान करता है ?

(A) प्राथमिक कृषि साख समिति (B) भूमि विकास बैंक

(C) वाणिज्यिक बैंक (D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following provides long term loans ?

(A) Primary Agricultural Credit Society

(B) Land Development Bank

(C) Commercial Bank

(D) None of these

69. निम्न में से क्या गैर-आर्थिक आधारभूत संरचना का अंग है ?

(A) वित्त (B) शिक्षा

(C) ऊर्जा (D) संचार

Which of the following is a part of non-economic infrastructure ?

(A) Finance (B) Education

(C) Energy (D) Communication

70. वैश्वीकरण के परिणामस्वरूप विभिन्न देशों के बीच, निम्न में से किसका निर्बाध प्रवाह होता है ?

(A) पूँजी (B) प्रौद्योगिकी

(C) श्रम (D) इनमें से सभी



BiharboardQuestionpaper.com

As a result of globalization, which of the following has uninterrupted flow among different countries ?

(A) Capital (B) Technology

(C) Labour (D) All of these

71. सरकार द्वारा आर्थिक क्रियाओं पर अनावश्यक नियंत्रणों एवं प्रतिबंधों को हटाना क्या कहलाता है ?

(A) निजीकरण (B) विनिवेश

(C) उदारीकरण (D) वैश्वीकरण

What is the removal of unnecessary controls and restrictions on economic activities by the government called ?

(A) Privatization (B) Disinvestment

(C) Liberalization (D) Globalization

72. वस्तु या सेवा का मूल्य या क्षतिपूर्ति राशि 1 करोड़ से अधिक होने पर उपभोक्ता कहाँ शिकायत कर सकता है ?

(A) जिला फोरम (B) राज्य आयोग

(C) राष्ट्रीय आयोग (D) इनमें से सभी

Where can a consumer complain if the value of the goods or service or the compensation amount exceeds Rs. 1 crore ?

(A) District Forum (B) State Commission

(C) National Commission (D) All of these

73. पेरिस की प्रधान सड़कों की योजना किसने बनाई थी ?

(A) बैरॉन हॉसमान (B) एबेनेजर हावर्ड

(C) ले कार्बुसीयर (D) सैम्यूल क्राम्पटन

Who planned the main streets of Paris ?

(A) Baron Haussmann (B) Ebenezer Howard

(C) Le Corbusier (D) Samuel Crompton



BiharboardQuestionpaper.com

74. गाँधीजी ने साबरमती आश्रम की स्थापना कहाँ की ?

(A) गाँधीनगर (B) अहमदाबाद

(C) सूरत (D) वडोदरा

Where did Gandhiji establish Sabarmati Ashram ?

(A) Gandhinagar (B) Ahmedabad

(C) Surat (D) Vadodara

75. सेडॉन के युद्ध में किसकी पराजय हुई थी ?

(A) फ्रांस (B) जर्मनी

(C) ऑस्ट्रिया (D) प्रशा

Who was defeated in the battle of Sedan ?

(A) France (B) Germany

(C) Austria (D) Prussia

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..

76. निम्न में किसने अपने देश में अनिवार्य सैन्य सेवा लागू की थी ?

(A) मेजिनी (B) मेटरनिख

(C) बिस्मार्क (D) लेनिन

Who among the following introduced compulsory military service in his country ?

(A) Mazzini (B) Metternich

(C) Bismarck (D) Lenin

77. फ्रांस में किस शासक वंश की पुनर्स्थापना वियना कांग्रेस द्वारा की गई थी ?

(A) हैब्सबर्ग (B) रोमानोव

(C) स्लाव (D) बूर्बों



BiharboardQuestionpaper.com

Which ruling dynasty in France was restored by the Congress of Vienna ?

(A) Habsburg
(B) Romanov
(C) Slavic
(D) Bourbon

78. आर्थिक नियोजन किसकी देन है ?

(A) फ्रांसीसी क्रांति
(B) रूसी क्रांति
(C) अमेरिकी क्रांति
(D) इनमें से सभी

Whose contribution is economic planning ?

(A) French Revolution
(B) Russian Revolution
(C) American Revolution
(D) All of these

79. भारत में सर्वप्रथम आधुनिक सूती कपड़े की मिल कहाँ स्थापित की गई थी ?

(A) सूरत
(B) बम्बई
(C) कलकत्ता
(D) अहमदाबाद

Where was the first modern cotton mill established in India ?

(A) Surat
(B) Bombay
(C) Calcutta
(D) Ahmedabad

80. हो-ची-मिन्ह कहाँ का शासक था ?

(A) उत्तरी वियतनाम
(B) दक्षिणी वियतनाम
(C) लाओस
(D) कम्बोडिया

Ho Chi Minh was the ruler of which country ?

(A) North Vietnam
(B) South Vietnam
(C) Laos
(D) Cambodia



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - ब / SECTION - B

## इतिहास / History

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 1 से 6 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।* $3 \times 2 = 6$

*Question Nos. 1 to 6 are Short Answer Type. Answer any 3 questions. Each question carries 2 marks.* $3 \times 2 = 6$

Biharboardquestionpaper.com

1. ऐतिहासिक भौतिकवाद से आप क्या समझते हैं ?

   What do you understand by Historical Materialism ?

2. फ्रांस द्वारा हिन्द-चीन को उपनिवेश बनाने का प्रारंभिक उद्देश्य क्या था ?

   What was the initial objective of France to colonize Indo-China ?

3. ब्रिटिश आर्थिक नीतियों का भारतीय कृषि पर क्या प्रभाव पड़ा ?

   What impact did British economic policies have on Indian agriculture ?

4. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना किन परिस्थितियों में हुई ?

   Under what circumstances was the Indian National Congress established ? biharboardquestionpaper.com

5. 'स्वर्णिम मध्यमवर्गीय' नीति का अवलम्बन किसने और क्यों किया ?

   Who adopted the 'golden middle class' policy and why ?

6. वियना कांग्रेस का क्या उद्देश्य था ?

   What was the purpose of the Vienna Congress ?



BiharboardQuestionpaper.com

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 7 और 8 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।* $1 \times 4 = 4$

*Question Nos. 7 and 8 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* $1 \times 4 = 4$

7. राष्ट्रवाद आधुनिक विश्व की राजनैतिक जागृति का प्रतिफल किस प्रकार है ? विवेचना करें।

   How nationalism is the result of political awakening in the modern world ? Discuss.

8. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में गाँधीजी की भूमिका बताइए।

   Explain the role of Gandhiji in the Indian National movement.

## राजनीति विज्ञान / Political Science

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 9 से 12 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।* $2 \times 2 = 4$

*Question Nos. 9 to 12 are Short Answer Type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.* $2 \times 2 = 4$

9. राज्य वित्त आयोग का प्रमुख कार्य क्या है ?

   What is the main function of State Finance Commission ?

10. सूचना का अधिकार किस प्रकार उत्तरदायी लोकतंत्र के लिए लाभदायक है ?

    How is the Right to Information beneficial for accountable democracy ?

11. दोहरी शासन व्यवस्था से आप क्या समझते हैं ?

    What do you understand by dual governance system ?

12. सत्ता के क्षैतिज वितरण से क्या अभिप्राय है ?

    What is meant by horizontal distribution of power ?



BiharboardQuestionpaper.com

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 13 एवं 14 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।* $1 \times 4 = 4$

*Question Nos. 13 and 14 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* $1 \times 4 = 4$

13. नगर-निगम के प्रमुख अंगों का वर्णन करें।

Explain the main organs of Municipal Corporation.

14. वर्तमान भारतीय राजनीति में लोकतंत्र की कौन कौन-सी चुनौतियाँ हैं ? विवेचना करें।

What are the challenges of democracy in current Indian politics ? Discuss.

## अर्थशास्त्र / Economics

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 15 से 18 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।* $2 \times 2 = 4$

*Question Nos. 15 to 18 are Short Answer Type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.* $2 \times 2 = 4$

15. मानव विकास सूचकांक से क्या अभिप्राय है ?

What is meant by Human Development Index ?

16. आर्थिक क्रिया क्या होती है ?

What is economic activity ?

17. विश्व व्यापार संगठन (WTO) के गठन का उद्देश्य क्या था ?

What was the purpose of the formation of World Trade Organization ?

18. दोहरी गणना से आप क्या समझते हैं ?

What do you understand by double counting ?



BiharboardQuestionpaper.com

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 19 एवं 20 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है। $1 \times 4 = 4$

*Question Nos. 19 and 20 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* $1 \times 4 = 4$

19. देश के आर्थिक विकास में आधारिक संरचना की भूमिका की विवेचना करें।

    Discuss the role of infrastructure in the economic development of the country.

20. उपभोक्ता संरक्षण हेतु सरकार द्वारा गठित न्यायिक प्रणाली का वर्णन करें।

    Describe the judicial system set up by the government for consumer protection.

# भूगोल / Geography

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। $3 \times 2 = 6$

*Question Nos. 21 to 26 are Short Answer Type. Answer any 3 questions. Each question carries 2 marks.* $3 \times 2 = 6$

21. जल संरक्षण एवं प्रबंधन की क्या आवश्यकता है ?

    What is the need for water conservation and management ?

22. रोपण कृषि को एक उदाहरण सहित परिभाषित करें।

    Define plantation agriculture with an example.

23. मृदा संरक्षण हेतु कोई दो उपाय बताइए।

    Mention any two measures for soil conservation.



BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें...

24. संसाधन नियोजन से क्या अभिप्राय है ?

What is meant by resource planning ?

25. कार्बनिक खनिज से आप क्या समझते हैं ?

What do you mean by organic minerals ?

26. जनसंख्या घनत्व से क्या अभिप्राय है ?

What is meant by density of population ?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions**

*प्रश्न संख्या 27 एवं 28 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।* $1 \times 4 = 4$

*Question Nos. 27 and 28 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* $1 \times 4 = 4$

27. भारत के प्रमुख राष्ट्रीय जलमार्गों की व्याख्या कीजिए।

Explain the major National waterways of India.

28. वनों के पर्यावरणीय महत्व पर टिप्पणी लिखें।

Write a note on the environmental importance of forests.

**आपदा प्रबंधन / Disaster Management**

**लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions**

*प्रश्न संख्या 29 से 32 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।* $2 \times 2 = 4$

*Question Nos. 29 to 32 are Short Answer Type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.* $2 \times 2 = 4$

29. बाढ़ के प्रकोप को कम करने के उपाय सुझाइये।

Suggest measures to reduce the incidence of flood.



BiharboardQuestionpaper.com

30. सूखे के लिए उत्तरदायी कारक क्या हैं ?

What are the factors responsible for drought ?

31. प्राकृतिक आपदा के समय अपनाए जाने वाले वैकल्पिक संचार माध्यम क्या हैं ?

What are the alternative communication mediums used during natural disaster ?

32. भूकंप एवं सुनामी का प्रभाव किन क्षेत्रों पर अधिक पड़ता है ?

Which areas are more affected by earthquake and tsunami ?

---

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com